Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 25 जुलाई, 2022

नीरज चोपड़ा

अमेरिका के यूजीन में भारत के **स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा** ने **विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप** में **पुरुषों की भाला फेंक स्पर्द्धा का रजत पदक** जीतकर इतिहास रच दिया। नीरज ने 24 जुलाई, 2022 को **अमेरिका में अयोजित प्रतियोगिता** के फाइनल में **88.13 मीटर** दूरी के साथ **दूसरा स्थान** प्राप्त किया। **ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने 90.54 मीटर** के साथ **स्वर्ण पदक** जीता, जबकि **चेक गणराज्य के याकूब वालडेश को कांस्य पदक** मिला। **नीरज चोपड़ा विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय हैं।** विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने 19 वर्ष बाद दूसरी बार पदक जीता है। इससे पहले **महिलाओं की लंबी कूद में अंजू बॉबी जॉर्ज** ने **वर्ष 2003 में कांस्य पदक जीता था।**

163वाँ आयकर दिवस

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड तथा देश भर में इसके सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में **24 जुलाई, 2022** को **163वाँ आयकर दिवस** मनाया गया। **24 जुलाई, 1860** को ब्रिटिश शासन द्वारा **प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ब्रिटिश शासन को हुए नुकसान की भरपाई** के लिये **सर जेम्स विल्सन** द्वारा भारत में पहली बार आयकर पेश किया गया था। वर्ष **1963 में 'केंद्रीय राजस्व बोर्ड अधिनियम, 1963' (Central Board of Revenue Act, 1963)** के माध्यम से **केंद्रीय वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के अधीन दो संस्थाओं- केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (Central Board of Direct Taxation) तथा केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क बोर्ड (Central Board of Excise and Customs)** का **गठन किया गया था,** ये दोनों ही संस्थाएँ **'सांविधिक निकाय' (Statutory Body)** हैं। CBDT. प्रत्यक्ष करों से संबंधित नीतियों एवं योजनाओं के संबंध में महत्त्वपूर्ण इनपुट प्रदान करने के साथ-साथ आयकर विभाग की सहायता से प्रत्यक्ष करों से संबंधित कानूनों का प्रशासन करता है। वहीं CBEC भारत में सीमा शुल्क (custom duty), केंद्रीय उत्पाद शुल्क (Central Excise Duty), सेवा कर (Service Tax) तथा नारकोटिक्स (Narcotics) के प्रशासन के लिये उत्तरदायी नोडल एजेंसी है।

हरमोहन सिंह यादव

25 जुलाई, 2022 को समाजसेवी हरमोहन सिंह यादव की 10वीं पुण्यतिथि है। हरमोहन सिंह यादव ने **किसानों, पिछड़े वर्गों और समाज के अन्य वंचित वर्गों के हित** के लिये जीवन भर प्रयास किया। वे लंबे समय तक राजनीति में भी सक्रिय रहे। उन्होंने **विधान परिषद सदस्य, विधायक, राज्यसभा सदस्य और अखिल भारतीय यादव महासभा के अध्यक्ष** के रूप में काम किया। अपने पुत्र सुखराम सिंह के सहयोग से उन्होंने कानपुर और उसके आसपास अनेक शिक्षण संस्थाओं की स्थापना में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। हरमोहन सिंह यादव को **वर्ष 1984 के दंगों के दौरान सिख समुदाय के अनेक सदस्यों की जान बचाने के लिये वर्ष 1991 में शौर्यचक्र से भी सम्मानित किया गया था।**

राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2022

हाल ही में 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की जूरी ने 22 जुलाई, 2022 को वर्ष 2020 के विजेताओं की घोषणा की जिसमें **सोरारई पोटरू (Soorarai Pottru) ने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म** का पुरस्कार जीता। सोरारई पोटरू ने चार सबसे बड़े पुरस्कारों में से तीन जीते हैं, सोरारई पोटरू के अभिनेता **सूर्या और अजय देवगन को फिल्म तान्हाजी द अनसंग वॉरियर के लिये संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का अवॉर्ड मिला है।** वहीं **अपर्णा बालमुरली को सोरारई पोटरू के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया।** राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार **वर्ष 1954 में स्थापित किया गया था।** यह देश में सबसे प्रमुख फिल्म पुरस्कार समारोह है। फिल्म समारोह निदेशालय भारत के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव और भारतीय पैनोरमा के साथ यह पुरस्कार प्रदान करता है। पुरस्कार नई दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रदान किये जाते हैं। इसका आयोजन **सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा** किया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-25-july-2022